# कंट्रोल हटते ही चीनी होने लगी महंगी

## दिल्ली में कीमतों में दर्ज की गई 40 से 50 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी

**बिजनेस भास्कर** • नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा शुगर उद्योग को डीकंट्रोल करते ही बाजार में चीनी के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को दिल्ली बाजार में चीनी की कीमतों में 40 से 50 रुपये की तेजी आकर भाव 3,350 से 3,420 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। गर्मियों का सीजन शुरू होने से आगामी दिनों में बड़े उपभोक्ताओं की चीनी में मांग बढ़ेगी जिससे मौजूदा कीमतों में 100 से 150 रुपये प्रति क्विंटल की ओर तेजी आने की संभावना है। केंद्र सरकार द्वारा शुगर उद्योग से लेवी चीनी की बाध्यता और रिलीज मैकेनिज्म समाप्त करने से शुक्रवार को घरेलू बाजार में चीनी के मूल्यों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। एसएनबी एंटरप्राइजेज के प्रबंधक सुधीर भालोठिया ने बताया कि शुक्रवार को चीनी की कीमतों में 40 से 50 रुपये की तेजी आकर दिल्ली थोक बाजार में भाव 3,350 से 3,420 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। उत्तर प्रदेश में चीनी के एक्स-फैक्ट्री भाव बढ़कर इस दौरान 3,200 से 3,235 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। महाराष्ट्र में ड्यूटी पेड चीनी के दाम बढ़कर शुक्रवार को 2,950 से 2990 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। श्री बालाजी ट्रेडर्स के प्रबंधक पी आर गर्ग ने बताया कि गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है जिससे आगामी दिनों में बड़े उपभोक्ताओं की मांग बढ़ेगी। चीनी के कुल उत्पादन की करीब 65 फीसदी खपत बड़े उपभोक्ताओं द्वारा की जाती है। ऐसे में आगामी दिनों में चीनी की मौजूदा कीमतों में और भी 100 से 150 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि रिलीज मैकेनिज्म समाप्त हो गया है इसलिए मिलों पर हर महीने चीनी बेचने का दबाव भी नहीं होगा जिससे तेजी को बल मिल रहा है।

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की 4 अप्रैल को हुई बैठक में 80,000 करोड़ रुपये के शुगर उद्योग को आंशिक रूप से नियंत्रण मुक्त कर दिया गया है।

Business Bhaskar

6/4/13